भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-31

उत्तर देने की तारीख-23/07/2025

तकनीकी शिक्षा में बहुविषयी शिक्षा और अनुसंधान सुधार

31 **श्री संदोष कुमार पी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तकनीकी शिक्षा में बहुविषयी शिक्षा और अनुसंधान सुधार (एमईआरआईटीई) परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) उक्त परियोजना किन-किन राज्यों में शुरू की गई है और प्रत्येक राज्य के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग) क्या यह परियोजना केरल राज्य में शुरू की जानी है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ड.): विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

*****

माननीय संसद सदस्य श्री संदोष कुमार पी द्वारा पूछे गए तकनीकी शिक्षा में बहुविषयी शिक्षा और अनुसंधान सुधार के संबंध में दिनांक 23.07.2025 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 31 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ङ): एनईपी 2020 में परिकल्पित सुधारों के आधार पर, मेरिट (तकनीकी शिक्षा में बहुविषयी शिक्षा और अनुसंधान सुधार) नामक एक योजना निर्माण के चरण में है। इस योजना का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता, समता और संस्थागत शासन की चुनौतियों का समाधान करना है, जिसमें शिक्षण/अधिगम, अनुसंधान और शासन से संबंधित घटक शामिल हैं। यह योजना केरल राज्य के साथ साथ सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए धन का आवंटन उस राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र से चयनित हुए संस्थाओं की संख्या पर निर्भर करता है। चूँकि योजना निर्माण के चरण में है, इसलिए योजना के आरंभ/कार्यान्वयन का कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है।

*****